# आकाशवाणी शिमला

**14.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**अधिसूचना**

प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ में उप–चुनाव के लिए अधिसूचना आज जारी कर दी गई है। इसके साथ ही आज से नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य भी शुरू हो गया है। हमीरपुर के एस.डी.एम. व निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक अवकाश के दिन कोई भी नामांकन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित की है जबकि 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून तय की गई है। उपचुनाव के लिए मतदान 10 जुलाई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी।

इस बीच राज्य निर्वाचन विभाग ने तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में होने वाले उपचुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया है कि उपचुनाव को देखते हुए केवल देहरा विधानसभा क्षेत्र और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू रहेगी जबकि पूरे हमीरपुर ज़िले में कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया गया है।

**उपचुनाव**

प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। तीन पूर्व निर्दलीय विधायकों को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। देहरा विधानसभा क्षेत्र से होशियार सिंह, नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से के.एल. ठाकुर और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से आशीष शर्मा को टिकट दिया गया है। उल्लेखनीय है कि ये तीनों डेढ़ वर्ष पहले विधानसभा के लिए बतौर निर्दलीय चुने गए थे। इसी साल 22 मार्च को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद ये तीनों भाजपा में शामिल हुए थे। इस बीच कांग्रेस पार्टी भी तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नामों पर मंथन कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पार्टी हाईकमान से प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा करने के लिए दिल्ली गए हैं।

**जयराम ठाकुर**

प्रदेश में तीन सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए कांग्रेस व भाजपा एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर निर्दलीय विधायकों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायकों पर सरकार को समर्थन देने का दबाव बनाया जा रहा था और ऐसा न करने पर विधायकों व उनके परिवारों को सरकार प्रताड़ित कर रही थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर विधानसभा अध्यक्ष पहले ही इन तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर कर लेते तो लोकसभा चुनाव के साथ ही ये चुनाव भी हो जाते। उन्होंने दावा किया कि भाजपा इन तीनों सीटों पर जीत हासिल करेगी। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और मुख्यमंत्री सत्ता व कुर्सी बचाने में लगे हैं। दिल्ली के जल संकट को लेकर उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार को एग्रीमेंट की उल्लंघना नहीं करनी चाहिए और पानी को लेकर मुख्यमंत्री को प्रभावी ढंग से अपना पक्ष रखना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सीपीएस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी नियुक्तियों को असंवैधानिक ठहराया है और उम्मीद है कि अब सुनवाई के बाद हिमाचल में भी न्याय होगा।

## मॉकड्रिल

प्रदेश के सभी ज़िलों के विभिन्न स्थानों पर बाढ़, भू–स्खलन और औद्योगिक इकाईयों में आग की घटनाओं जैसी आपदाओं के समय बेहतर प्रबंधन व पूर्व तैयारी के आकलन के लिए आज मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान शिमला से राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निदेशक व विशेष सचिव डी.सी. राणा और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कंसल्टेंट मेजर जनरल सेवानिवृत सुधीर बहल ने मैगा मॉकड्रिल की लाइव रिपोर्ट ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी जारी किए और इस अभ्यास से प्राप्त सीख व अनुभवों पर फीडबैक ली। मैगा मॉकड्रिल में पुलिस, होमगार्ड, राजस्व, स्वास्थ्य और अन्य संबंधित विभागों ने भाग लिया।

## निर्देश

केंद्र सरकार ने विशेष आवश्यकता वाले सभी बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा का अधिकार और पीएम–पोषण के तहत मुफ्त पोषण संबंधी सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एक दिशा–निर्देश जारी किया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त विशेष स्कूलों में पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान किया जाए। इनमें निःशुल्क वर्दी, पाठ्यपुस्तकें और प्रधानमंत्री पोषण योजना के अन्तर्गत मध्याह्न भोजन शामिल हैं।